पुस्तकें ज्ञान प्राप्ति का प्राथमिक स्रोत

नीमराणा रैफल्स युनिवर्सीटी में आयोजित सेमिनार में उपस्थित संभागी।

रैफल्स यूनिवर्सिटी में हुआ ई-जर्नलस ओरिंटेशन प्रोग्राम

नीमराणा @ पत्रिका

alwar@patrika.com

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शोध के विकास और प्रोत्साहन के लिए सूचना के सभी स्त्रोतों का विशेष महत्व होता है। पुस्तकें हमारे ज्ञान प्राप्ति का प्राथमिक स्रोत होती है, लेकिन जब किसी विषय पर गहन अध्ययन किया जाना होता है तो जर्नल्स, ई-जर्नल्स में प्रकाशित शोध पत्रों का अध्ययन किया जाता है ताकि शोध के विषय से समाज को कुछ नई दिशा देने का प्रयास किया जा सके।

ये विचार जापानी जोन औद्योगिक क्षेत्र स्थित रैफल्स यूनिवर्सिटी नीमराणा में मंगलवार को 'एक्सेस एंड यूटिलाइजेशन ऑफ ई-जर्नलस' विषय पर आयोजित सेमीनार में रैफल्स के कुलपति प्रो. वीके कपूर ने शोध में ई-जर्नल्स के महत्व पर विचार व्यक्त किए।

रजिस्ट्रार अनिल सरदाना ने कार्यक्रम के वक्ताओं संजय राजन, जीं आईएसटी. एवं यशवीर सिंह, ईबेस्को का अभिवादन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पवन अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर संस्थान के षिक्षकों एवं छात्रों ने भाग लिया।

राजस्थान पत्रिका 21-10-15
पेज - 16